## सार-समाचार

### बारठ का गांव व इंद्रानगर में शिविर शुरू

**पोकरण**, (निसं)। सरकारी योजनाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाने और उन्हें त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बारठ का गांव व इंद्रानगर में ग्रामीण सेवा शिविरों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने दोनों स्थानों पर शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शिविरों का मूल लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुशासन पहुंचाना है। उन्होंने सभी स्टालों पर जाकर अधिकारियों से कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी को पारदर्शिता और प्राथमिकता के साथ योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। एक ही छत के नीचे योजनाओं का लाभ शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री मंगल पशु बीमा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। मौके पर विधायक ने लाभार्थियों को पट्टे भी वितरित किए। महंत प्रतापपुरी महाराज ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन को राहत पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है और इन शिविरों से ग्रामीणों को अब एक ही छत के नीचे सभी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विधायक ने जनप्रतिनिधियों से भी आव्हान किया कि वे शिविरों में सक्रिय भागीदारी निभाकर आमजन तक योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाने में सहयोग करे।

### ढंढण मुनि की कथा सुनाई

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने गुरुवार को अपने प्रवचन में फरमाया कि मैत्री करुणा प्रमोद भाव में संसार घटता है। उन्होंने ढंढण मुनि की कथा का जिक्र करते कहा कि ढंढण मुनि का अभिग्रह था कि मेरी लब्धि से आहार मिले तो ही आहार करूंगा। मगर 6 माह तक अंतराय स्वरुप आहार नहीं मिला। एक दिन आहार गवेषणा के लिए मुनि जा रहे है। रास्ते में श्रीकृष्ण ढंढण मुनि के दर्शनार्थ निकले तो रास्ते में किसी ने श्रीकृष्ण को पैर छूकर प्रणाम किया। यह दृश्य सेठ ने देखा कि श्रीकृष्ण मुनि को वंदन कर रहे तो मुनि कोई विशेष होगें। सेठ ने मुनि को लड्डू बहराये। मुनि ने आहार परमात्माको दिखाया, परमात्मा फरमाते है यह आहार श्रीकृष्ण को देख कर मिला है। मुनि ने परमात्मा का धन्यवाद दिया कि मेरा अभिठाह का नियम अखंड रहा। लड्डू को पलटतेहुए उसको चूर रहे थे। उच्च भावो के कारण उनके कर्म चकनाचूर हो गये। उनको केवल ज्ञान प्राप्त हो गया। आपको मेहनत, ईमानदारी व प्रामाणिकता का जीवन जीना है अंतराय तोड़ने में अभिग्रह पूर्वक तपस्या सहायक होती है। साध्वी ने कहा जो धर्म श्रद्धा में डिगमिगा रहा उसकी आप उपेक्षा, तिरस्कार नहीं करे। उसे सहारा दे।धर्म में स्थिरीकरण के लिए पहले आप रुके, कोई दु:खी आया है तो अपना कार्य रोक कर दु:खी व्यक्ति को सुने, यदि आपके पास समय नहीं हो तो अपना समय बताये। आज मंजू गोगड़ ने मास खमण की तपस्या ग्रहण की। उनकी अनुमोदना में अनेक श्रावक श्राविकाओं में तप-त्याग का संकल्प लिया। गजराज छाजेड़ ने 27 के पचक्खाण धारण किया। आज शिवमोगा संघ गुरु सेवा में उपस्थित हुआ।

### 'जी.एस.टी. के सरलीकरण से लाभ'

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधायक महन्त प्रताप पुरी महाराज ने गुरुवार को प्रेस वार्ता एक निजी होटल में करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में जीएसटी सुधारों पर देशभर में कार्यक्रमों और घोषणाओं का विस्तार से पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने मोदी के जन्म दिन पर बधाई के साथ कहा कि जीएसटी सरलीकरण व आमजन को लाभान्वित करने कि कार्ययोजना पर स्वदेशी व माटीकला को लाभ मिलने व छोटे-छोटे काम करने वाले लोगों को भी लाभ मिल सके, मोदी जी सेवाभावी है व देश को उसकालाभ मिलेगा । जीएसटी की मौजूदा चार स्लैब (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत) को घटाकर केवल दो स्लैब किए जाने वाले हैं - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। रोजमर्रा की जरूरत की चीजें जैसे साबुन, टूथपेस्ट, ब्रेड आदि पर जीएसटी को 5 प्रतिशत या शून्य प्रतिशत किया गया है। जीवनरक्षक दवाइयां पर भी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत या शून्य पर लाई जाएँगी। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025) को लाल किले से घोषणा की कि नेक्स्ट-जेनरेशन त्रस्ञ्ज सुधार होंगें। जिससे आम जनता को कर बोझ में राहत मिलेगी। इन्होने कहा कि ये सुधार दिवाली से पहले और छठ पर्व से पहले लागू होंगे, और आम लोगों को एक डबल बोनस मिलेगा। मोदी ने इन सुधारों को आजादी के बाद के सबसे बडे फैसलों में से एक बताया है। किस तरह से आम जनता को लाभ होगा मूलभूत आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी होगी जिससे गरीब-मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। दवाइयाँ सस्ती होंगी, स्वास्थ्य सम्बन्धी खर्चो पर दबाव कम होगा। छोटे व्यवसायों और दुकानों के लिए कर सम्बंधित प्रक्रियाएँ सरल होंगी।

### बलिदान दिवस का दिया आमंत्रण

**जालोर**, (कासं)। जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा जालोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जालोर जिला मुख्यालय पर मेजर दलपतसिंह देवली बलिदान दिवस समारोह एवं शोभायात्रा के 107 वे बलिदान दिवस पर जन प्रतिनिथियो को आमंत्रण दिया गया। मीडिया प्रभारी अर्जुनसिंह पंवार ने बताया कि 23 सितम्बर को जालोर मुख्यालय पर आयोजित हाईफा हिरो मेजर दलपतसिंह देवली के 107 वे बलिदान दिवस पर आयोजित मलेश्वर मठ जालोर में कार्यक्रम को लेकर रावणा राजपूत जिलाध्यक्ष राजूसिंह राजपूरा युवा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह सिसोदिया व आयोजन समिति के संयोजक गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम जी चौधरी केबिनेट मंत्री व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग सहित जालोर जिले के पांचो विधायको पूर्व विधायको भाजपा व कांग्रेस के जिलाध्यक्षो को आमंत्रण पत्रिका देकर कार्यकर्म में आने का निमंत्रण दिया गया। साथ ही जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को भी आमंत्रण पत्रिका दी गई और जालोर जिले व राज्य के जन प्रतिनिथियो को भी आमंत्रण पत्रिका दी गई। सभी ने कार्यक्रम में आने की सहमति प्रदान की गई। वही समाज बंधू द्वारा प्रत्येक गाव तक तहसील अध्यक्ष द्वारा पत्रिका दी जा रही है दक्षिण भारत में भी कई शहरों में समाज की मीटिंग कर जालोर में होने वाले कार्यक्रम के लिए पीले चावल दिए जा रहे है।

### ओरण गोचर के लिए शिविरों का बहिष्कार

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। ओरण गोचर को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नही करने पर जिले के 9 गांवों में अटल सेवा केंद्रों में प्रशासन द्वारा आयोजित सेवा शिविरों का ग्रामीणो द्वारा बहिष्कार किया गया। ज्ञात रहे कि जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने जैसलमेर जिले के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा जिले की ओरण गोचर भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग को लेकरअनिश्चित कालीन धरना शुरू किया गया है । पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह सांवता ने बताया कि पिछले दो सालों से ओरण भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के लिए तैयार की गई फाइलें जिला प्रशासन के पास धूल फांक रही है। सिंह ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन जिले की लाखों बीघा जमीन निजी कंपनियों को देकर जंगलों को खत्म करने का काम कर रही है। शुक्रवार को सभी पर्यावरण प्रेमी मशाल जुलूस निकालकर सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज करवाएंगे।

### सागरमल गोपा विद्यालय हॉकी में विजेता

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामदेवरा में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय विद्यालयी हॉकी छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। इस वर्ष के आयोजन में विद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेलकूद की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। प्रतियोगिता में जैसलमेर के पीएम श्री सागरमल गोपा राउमावि के हॉकी खिलाड़ियों ने अपूर्व खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में शहीद उम्मेदसिंह भाटी राउमावि बडोडा गांव को 5-0 से हराया और चैंपियन का खिताब जीता। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक उगम सिंह तंवर ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को पारितोषिक स्वरूप ट्रॉफियां और प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

### युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के नागौरी गेट स्थित अस्थल मियों की मस्जिद के पास में रहने वाली एक युवती ने अपने घर की तीसरी मंजिल पर कमरें में फंदा लगा लिया। नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि अस्थल मियों की मस्जिद के पास रहने वाली सोबरतन पत्नी सत्तार ने बताया कि उसकी 27 वर्षीय पुत्र आयशा बानो ने घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरें में फंदा लगा लिया। पता लगने पर फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, मगर चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया।

# जनसमस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता : मंत्री कुमावत

**पाली/सुमेरपुर**, (नि.सं.)। अपने प्रवास के दौरान पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर के कई गांवों का दौरा किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। केबिनेट मंत्री कुमावत ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांवों में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविरों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत डिंगाई में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि वे जन समस्याओं के समाधान के प्रति कृतसंकल्पित हैं और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीण सेवा शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को धरातल पर उतारने के प्रयासों का हिस्सा हैं। इन शिविरों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं सुशासन पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार गरीबी उन्मूलन एवं रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है और लोगों को यह विश्वास हो चुका है कि प्रदेश में राजस्थान सरकार उनके सपनों को साकार करने वाली सरकार है।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किये। इस दौरान सरपंच प्रेम कुमारी ने स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर कार्यवाहक बीडीओ गोपाल, पाली एसडीएम विमलेंद्र सिंह राणावत, पाली पंचायत समिति प्रधान मोहिनी देवी, डिंगाई की प्रशासक प्रेम कुमारी, खोड़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोखड़ा, ग्राम सेवक मोतीलाल, पुखराज पटेल आदि मौजूद रहे।

### गुंदोज में लाभार्थियों को सौंपे पट्टे

स्थानीय विधायक व केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्राम पंचायत गुंदोज में आयोजित ग्राम सेवा शिविर में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से योजनाओं और उनकी क्रियान्विति के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी ली।

शिविर में मंत्री कुमावत ने नामांतकरण, सहमति विभाजन, आवासीय पट्टा, बीज मिनीकिट का वितरण किया। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सब्सिडी राशि, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सहायता राशि से लाभार्थियों को लाभान्वित किया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा राशि का चैक भी सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत लाभार्थियों को बॉन्ड सौंपा और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सहायता राशि का भुगतान किया। कुमावत ने खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे। इस दौरान मंत्री कुमावत ने एक पेड़, मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। सरपंच दिनेश बंजारा ने स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पाली तहसीलदार कलपेश कुमार, सरपंच दिनेश बंजारा, जिला प्रवक्ता मंगलाराम प्रजापत, बूथ अध्यक्ष गुड़ा एंदला भंवर सिंह, गुंदोज मंडल के महामंत्री यशवंत सैन, प्रजापत पंचायत समिति सदस्य नारायण व रमेश आदि मौजूद रहे।

# विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए प्रतियोगिता हुई

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में गुरूवार को विशेष रूप से सक्षम बच्चों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता महावीर आवासीय मुकबधिर विद्यालय जालोर में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने कहा कि खेलों से व्यक्ति के मानसिक व शारीरिक विकास के साथ साथ व्यक्ति में सकारात्मक सोच विकसित होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीपीसी मनोहरलाल गोदारा ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि विशेष रूप से सक्षम बच्चों की प्रतियोगिता से बच्चों में उत्साह बढता है, वे मोटिवेट होते है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आवासीय विद्यालय के धनाराम पुरोहित ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम बच्चे भगवान का रूप होते है। ऐसी प्रतियोगिताओं से उनका मनोबल बढता है और वे आगे बढने के लिए लगातार प्रयत्न करते रहते है। इस दौरान रमसा के कार्यक्रम प्रबंधक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों मेडल व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समसा के कार्यक्रम अधिकारी मदनलाल गहलोत, आरपी सीडब्ल्यूएसएन विकास अरोडा, कृष्णकांत, लूणीराम, कृष्ण कुमार, घमंडाराम, पीयूष, प्रवीण, घनश्याम, मुनिराम, जितेंद्र रेड्डी, धीरज, विकास शर्मा, पीटीआई नरेश कुमार, हिमतसिंह, जेठाराम, जेताराम, महबूबखान, ओमप्रकाश, भंवरलाल सहित मूक बधिर विद्यालय के रोशनलाल, आदि मौजूद रहे।

वही लंबी कूद प्रतियोगिता में चितलवाना का डायाराम प्रथम, जालोर का ललित कुमार द्वितीय व जालोर के अशोक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बोसी बॉल में मानसिक पुनर्वास गृह आहोर की टीम प्रथम रही। चित्रकला प्रतियोगिता में महावीर मूक बधिर विद्यालय जालोर का कृष्ण कुमार प्रथम, राउमावि सायला की रविना कुमारी द्वितीय व सायला की मनीषा कुमारी तृतीय स्थान पर रही। शतरंज में कुआरडा का गजराज प्रथम, चितलवाना का डायाराम द्वितीय सुनिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुआरडा का गजराजसिंह प्रथम, महावीर मूक बधिर विद्यालय के गणपत चौधरी दूसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार कैरम में एमआर होम आहोर का अनिल प्रथम, नारायण द्वितीय व सयला की जोशी स्वरूप तीसरे स्थान पर रही। बैडमिंटन में चितलवाना का सुनील प्रथम रहा। कबड्डी में महावीर मूक बधिर विद्यालय जालोर की टीम प्रथम और बागोडा की टीम उप विजेता रही।

### 1153 यूनिट रक्तदान हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वाधान में तेरापंथ युवक परिषद पाली द्वारा मेगा ब्लड डोनेशन में 1153 यूनिट रक्तदान हुआ। पिछली बार 874 ब्लड यूनिट का डोनेशन हुआ था।

तेरापंथ भवन में साध्वी काव्य लता के मंगलाचरण व शुभकामनाओं से हुई। पूर्व एमएलए ज्ञानचंद पारख द्वारा कैंप का उद्घाटन कराया गया। कैंप सुबह 9:00 बजे से लगाकर शाम 5 चला । पाली शहर में तेरापंथ भवन, मडिया रोड एसोसिएशन भवन, डीप नगर ब्लैंकेट हाल, महावीर इंटरनेशनल, रोटरी क्लब , वर्धमान ऑटोमोबाइल्स , सेवा समिति वृद्धाश्रम, सूर्य ज्योति कैंपस पुणयता में आयोजित हुए। ग्रामीण इलाकों में कंटालिया, सोजत ,खिंवाड़ा सुमेरपुर, राणावास ,जैतारण, मारवाड़ जंक्शन में कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम मे भीमराज भाटी नगर परिषद पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा , श्री संघ सभा अध्यक्ष विनय जी भंसाली मंत्री गौतम चंद जी छाजेड़,रूडिप सदस्य एसपी चोपड़ा , राजस्थान टेक्सटाइल अध्यक्ष विनय बम, युवा पार्षद विकास बुबकिया आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान

**जालोर**, (कासं)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चलाये जा रहे सेवा पखवाडा के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की।

जिला मुख्यालय पर सुन्देलाव तालाब पर आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की।स्वच्छता अभियान जालोर विधानसभा सयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि कार्य म में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, पूर्व उप राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी,सेवा पखवाडा जिला संयोजक प्रकाश छाजेड, आत्मनिर्भर भारत जिला सयोजक पुखराज राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष मुकेश राजपुरोहित, जिला महामंत्री गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, जिला मंत्री गीता बारोट, जिला प्रवक्ता दिनेश महावर, सुरेश राजपुरोहित, जिला सोशल मीडिया संयोजक जोगेश सैन, मन बात के जिलासयोजक सुरेश सोलंकी, नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, सायला मण्डल अध्यक्ष नैनाराम लखारा उम्मेदाबाद मण्डल अध्यक्ष उत्तम गर्ग, गनपत सिंह राव आदि मौजूद रहे।

# किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेसजनों ने रोष जताया

**जालोर** , (कासं)। जिला मुख्यालय पर बारिश में खराब हुई फसलों का सर्वे करवाने और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर किसानों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, आहोर विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी रही सरोज चौधरी और पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल की मौजूदगी में जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और मुआवजा दिलाने के लिए नारेबाजी की।

ज्ञापन में बताया कि आहोर विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से खराब हुई खरीफ की फसलों का सर्वे करवाने, किसानों को मुआवजा व बीमा क्लेम जल्द से जल्द दिलवाया जाये। इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। लेकिन सर्वे कार्य करवाने में लेटलतीफी बरती जा रही है। आहोर विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में फसले संपूर्ण रूप से खराब हो गई हैं। खेतों में बरसाती पानी भरा हुआ है। किसानों को आर्थिक रूप से काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में समय रहते फसल खराबें का आकलन जरूरी है। समय पर यानि 72 घंटों में फसल खराबें का सर्वे नहीं होने पर अक्सर सम्बन्धित बीमा कंपनियां किसानों को बीमा क्लेम देने में आनाकानी करती है। जो कि पहले भी कई बार किया जा चुका है। 72 घंटे व्यतीत हो जाने के बाद बीमा कंपनी खराबें की सूचना नहीं मिलने का बहाना बनाती है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पडता है।

आहोर विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे जालोर जिले में जल्द से जल्द फसल खराबें को लेकर सर्वे कार्य तत्परता और तत्काल शुरू करवाया जाए और इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थित मॉनिटरिंग के लिए पाबंद किया जाए, ताकि एक भी व्यथित और पीडित किसान बीमा क्लेम और मुआवजे से वंचित ना रहे और किसानों का अहित न हो। शीघ्र गिरदावरी करवाकर नुकसान का आकलन कर किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा व बीमा क्लेम दिलवाया जाये। वर्ष 2023 में भी फसल खराबें के आकलन का अभी तक कई किसानों को मुआवजा व बीमा क्लेम नहीं मिला है।

इस सम्बन्ध में कई किसानों ने पीडा व्यक्त की है। उस राशि को भी जल्द से जल्द किसानों को दिलवाई जाये। इस दौरान किसानों ने जिला कलेक्टर जालोर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग की है कि भाद्राजून तहसील के गांव भोरडा, बाला, नीलकण्ठ, मोतीसरी, बिजली, घाना, बरवा, रामा, रेवडा, तोडमी, रातानाडा सहित सम्पूर्ण तहसील में लगातार व अत्यधिक बारिश से खरीफ की फसले बाजरा, मूंग, ग्वार, तिल, ज्वार और अरण्डी आदि नष्ट हो गई है।

राजस्थान सरकार तुरन्त गिरदावरी करवाकर नुकसान का आंकलन करवाकर किसानों को मुआवजा दे और फसल बीमा योजना के तहत बीमा क्लेम राशि भी दिलवाए।

ज्ञापन देने के दौरान छोगाराम, पूर्व सरपंच मिश्रीमल चौधरी, खुशालराम, जोराराम, रूपाराम, जोगाराम, रावताराम, अनदाराम, हीराराम, शांतिबेन, मोरकीदेवी, बाबूलाल, डायाराम, खीमाराम, गिरधारीलाल, मांगीलाल, वजाराम सहित अनेक किसान शामिल थे।

## मेड़ा में खेल प्रतियोगिता शुरू

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। रानीवाड़ा उपखंड के मेड़ा पंचायत स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोलवाड़ा में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ।

यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 11 वर्षीय छात्र-छात्राओं की श्रेणी में आयोजित हो रही है, जिसका उद्घाटन रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) मंजू प्रतिभा ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधान रमीला मेघवाल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वरधाराम माली, मेड़ा सरपंच मथरा देवी और पीईईओ मेड़ा हंजारीमल माली शामिल हुए। प्रतियोगिता का पहला मैच करडा और दईपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में भामाशाहों और ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिला। एसएमसी अध्यक्ष तेजाराम पुरोहित के साथ-साथ दीपक पुरोहित, जबराराम सुथार, हाजुराम मेघवाल, गुमानसिंह राजपूत, लीलाराम पुरोहित, विशनसिंह, हंसाराम सुथार, जवाराराम, अमराराम, छगनाराम सुथार, भूपाराम, मसराराम सुथार, घेवाराम मेघवाल और लीलाराम देवासी का मैदान निर्माण और आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विधायक रतन देवासी ने कई घोषणा की

विधायक रतन देवासी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का सीमित बजट होने के कारण ऐसे ब्लॉक स्तरीय खेलकूद समारोह भामाशाहों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं।

उन्होंने 11, 14, 17 और 19 वर्षीय श्रेणियों के लिए आयोजित होने वाले इन खेलों को युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइनों को हटाने और जिन स्कूलों में अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## कराटे 17 वर्ष आयु वर्ग में पोषाणा छाया

**सायला**, (निसं)। सायला के पास पोषाणा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 69वीं जिला स्तरीय तींरदाजी व कराटे 17 व 19 वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य और भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की अध्यक्षता में हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि हार व जीत एक सिक्के दो पहलू हैं। हार से व्यक्ति को कभी भी घबराना नहीं चाहिए व जीत का कभी घमंड न करें। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि खेल क्षेत्र में सफलता के लिए एकाग्रता जरूरी है। कडी मेहनत, लगन, समर्पण भाव के साथ खेल क्षेत्र में ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों के प्रति भी छात्र जिज्ञासु बनें। प्रतियोगिता सचिव सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि कराटे दलीय स्पर्धा 19 वर्ष छात्र वर्ग में राउमावि मेडा उपरला ने प्रथम, राउमावि पाथेडी ने द्वितीय एवं राउमावि पोषाणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा वर्ग में राउमावि पोषाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष छात्र वर्ग में पोषाणा ने प्रथम, मेडा उपरला ने द्वितीय एवं बूगांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही छात्रा वर्ग में पोषाणा ने प्रथम, प्रताप पब्लिक उमावि देवडा ने द्वितीय एवं संस्कार इंग्लिश मीडियम सांचोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमो को अतिथियों ने पुरस्कार देकर समानित किया। मंच संचालन वरदाराम सुथार ने किया।

इस मौके उपखण्ड अधिकारी सुरजभान विश्नोई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उदयसिह दादाल, सायला मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, रघुनाथसिंह राजपुरोहित, सीबीईओ किशोर बी परमार, एसीबीईओ नेमाराम चौधरी, आरपी सुरेशचंद्र बेनीवाल, हीरसिंह सिराणा रमेश गर्ग, जगाराम देवासी, बगाराम देवासी, नरपतराम मेघवाल, जितेन्द्रसिंह समेत खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### प्रताड़ित युवक ने लूणी में कूदकर जान दी

**गुड़ामालानी**, (नि.सं.)। मुख्यालय से जालोर जाने वाले सडक मार्ग रतनपुरा लुणी नदी पूल पर एक दिव्यांग ने अपनी टैक्सी खडी कर पुल से नदी में छलांग लगा दी । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां टैक्सी में मोबाइल ओर दिव्यांग की बैसाखी मिली। पुलिस ने तैराकों एवं गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। गुडामालानी थाने के एएसआई हनुमान विश्नोई ने बताया कि रतनपुरा लुणी नदी में एक दिव्यांग टैक्सी चालक नदी में कुद गया है । सुचना के तहत मौके पर पहुंचकर जांच पडताल के दौरान टैक्सी में मोबाइल व बैसाखी मिली। तैराक भैराराम चौधरी व रतनसिह की मदद से दो घण्टे छानबीन के बाद शव को बाहर निकाला । शव को बाहर निकालने के बाद शिनाख्त के दौरान पता चला कि मृतक का नाम हनुमानराम पुत्र दमाराम जाति जाट निवासी धर्मपुरी मङ्ग मेहलू वर्ष के रूप में हुई । शव को नदी से बाहर निकालकर शव को गुडामालानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में लाया गया । जहां पुलिस ने मृतक के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज दी । रिपोर्ट में बताया कि मृतक को उनके पडोसी दुर्गाराम वगेरह पिछले कुछ दिनों से परेशान कर प्रताडति कर रहे थे । इन से परेशान होकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा । वही रिपोर्ट दर्ज कर मामले कि जांच शुरू की ।

### खेल ईमानदारी से खेलें : जोगेश्वर गर्ग

**सायला**, (निसं)। सायला क्षेत्र के हरमू गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 69वीं ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम सूरजभान विश्नोई की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक झण्डारोहण कर शुभारम्भ किया गया। इस मौके मुख्य सचेतक गर्ग ने कहा कि प्रतिभागी खेल को पूर्ण मनोयोग एवं ईमानदारी के साथ खेले। नियमित खेल खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ हर परिस्थिति में संघर्ष करने की भावना प्रबल होती है। साथ ही कहा कि ग्रामीण स्तर की प्रतिभाएं राष्टीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाये ऐसी व्यवस्था हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की है। वही आयोजन के लिए आयोजक टीम एवं भामाशाओ का आभार जताया। प्रतियोगिता सचिव उदाराम ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की कुल 9-9 टीमों के करीब 6०० खिला?ी भाग ले रहे हैं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश मीना, सीबीईओ किशोर परमार, पूर्व जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित, मंडल अध्यक्ष रघुनाथसिंह, सायला मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, मंडल महामंत्री रमेश गर्ग, युवा मोर्चा अध्यक्ष दशरथसिंह भाटी, महामंत्री हाजाराम देवासी, एडवोकेट नरपतदान चारण, मोहनलाल प्रजापत मौजूद रहे।

### वोटर लिस्ट धांधली से असंतोष : देवडा

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिले में जिला स्तर से वोट चोर - गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान के आगाज के बाद गुरूवार को ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह रोहुआ के नेतृत्व एवं विधायक मोतीराम कोली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी, विधानसभा समन्वयक गोविन्द बंजारा, अभियान प्रभारी रामसिंह सिसोदिया की उपस्थिति में आगाज किया गया। बैठक से पूर्व हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत विधायक मोतीराम कोली के हस्ताक्षर के साथ की गई। अभियान को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रेवदर की बैठक भी हुई। बैठक के दौरान कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल ने पीसीसी के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 21 से 30 सितम्बर तक मण्डल स्तर पर हस्ताक्षर अभियान संचालित होंगे। उसके बाद 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक बूथ व पंचायत स्तर पर वोट चोर-गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से आमजनता को जोडा जायेगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष दलपतसिंह देवडा, सूरताराम देवासी, कानाराम मेघवाल, देवीदान चारण, मफतलाल बुनकर, अजबाराम भील, ब्लॉक उपाध्यक्ष बलवन्तसिंह देवडा, भैराराम पुरोहित, डूंगरसिंह देवडा, भूराराम कोली, सवाराम चौधरी, मगसिंह बोडा, तखतसिंह देवडा, मजहर हुसैन, करसन पंचाल, हितेश जोशी, हमीराराम मेघवाल, बाबूराम कोली समेत दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### मोतीराम कोली को धमकी, आरोपी पकड़ा

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर विधायक मोतीराम कोली को जान से मारने की धमकी देने के मामले में रेवदर पुलिस ने एक व्यक्ति को अहमदाबाद (गुजरात) से पकडा है। सीआई सीताराम ने बताया कि गत 15 सितंबर को रेवदर विधायक मोतीराम कोली को दोपहर में फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले को लेकर विधायक ने थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने कॉल डिटेल को लेकर जानकारी जुटाने के बाद कार्रवाई करते हुए अहमदाबाद (गुजरात) से हितेश निवासी डबानी (रेवदर) को दस्तयाब किया है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। विधायक मोतीराम पुत्र पुनमाराम कोली निवासी वासन ने रेवदर थाने में रिपोर्ट देकर बताया था कि सोमवार को दोपहर 12.57 बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि तेरी एमएलए की गर्मी उतार दूंगा और पहले भी एक बार मारने की कोशिश की पर तू बच गया। अब एक महीने के भीतर भीतर दुर्घटना में उडा दूंगा और तुझे नहीं छोड़ूंगा ।

### जुल्फीकार अली भूटटो प्रभारी बने

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल नेअखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे वोट चोरी के विरूद्ध वोट चोर-गद्दी छोड प्रदेश व्यापी हस्ताक्षर अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी, जालोर की ओर से ब्लॉक वार अभियान प्रभारियों की नियुक्ति की गई। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि जुल्फिकार अली भुट्टो आहोर ब्लॉक, मदनलाल दहिया भाद्राजून ब्लॉक,मांगीलाल प्रजापत जालोर ब्लॉक,योगेंद्र सिंह कुम्पावत सायला ब्लॉक,लाल सिंह राजपुरोहित भीनमाल ब्लॉक,सुल्तान खान भाटी बागोडा ब्लॉक,आम सिंह परिहार जसवंतपूरा ब्लॉक,सूरज सिंह रानीवाडा ब्लॉक, आसुराम देवासी सांचोर ब्लॉक एवम सी एल गहलोत चितलवाना ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किये गये। कुम्पावत ने बताया कि उपरोक्त अभियान प्रभारा 18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 के बीच अपने अपने संबंधित ब्लॉक अध्यक्ष से अभियान को सफल बनाने का कार्य करेंगे।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती लोरडी देजगरा गांव में अपने मां पिता से अलग ढाणी में रहने वाले एक युवक ने दो दिन पहले फंदा लगाकर खुदकुशी की थी। उसके भाई ने एक युवक को नामजद कर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी। झंवर थानाधिकारी बंशीलाल साद ने बताया कि आतुणी जाटों की ढाणी लोरडी देजगरा निवासी जितेंद्र पुत्र किशनाराम जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उसका भाई लक्ष्मण जाट ढाणी में ही अलग कमरें में रहता था। उसने 16 सितंबर को फंदा लगाकर खुदकुशी की। लक्ष्मण की पत्नी पीहर गई हुई थी। उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, तब डॉक्टर ने मृत बता दिया।

### बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**पाली**, (नि.सं.)। सदर थाना पुलि की ओर से गुरूवार को खैरवा रोड स्थित कंकु विजय महाविद्यालय मे बालिकाओ को वर्तमान परीपेक्ष मे सुरक्षित रहने को लेकर बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आत्म रक्षा प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के डा.करण सैन ने बताया कि इस मौके पर सदर थाने के तेजाराम एवं अमृत कौर ने बालिकाओ को गरिमा हेल्पलाईन के बारे मे जानकारी दी। उन्होने बताया कि यदि बालिकाए आपातकाल मे अपने आपको यदि असुरक्षित महसूस करे तो 1090 पर फोन करके पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती है। पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए समर्पित है। इस मौके पर दिनेश विश्नोई, डा.सुरेन्द्र शर्मा, लता महावर,प्रीति परिहार,प्रवीण द्विवेदी, प्रदीप जोशी आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई व पौधरोपण

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती खरल में गुरुवार को भाजपा मंडल सायला द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाडा 2025 एवं आत्मनिर्भर भारत के तहत साफ-सफाई कर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के तहत श्रीराधेश्याम गौशाला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेडका, आदर्श मयूर विद्यालय में एक पेड मां के नाम अभियान में 51 पौधे लगाए गए तथा श्री खीमज माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, संयोजक एवं उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, विजय आचार्य, दौलतसिंह सोलंकी, पृथ्वीदान चारण, दुर्गदान चारण, मांगूसिंह सोलंकी, जबरसिंह सोलंकी, भोपसिंह सोलंकी, दीपसिंह सोलंकी, हीराराम मेघवाल, दीपाराम, लाबुराम देवासी, जेठाराम देवासी, रामाराम देवासी, जैसाराम राणा समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।